BORDER NEWS MIRROR
BNM
*to the point...*

Monday
30-10-2023

www.bordernewsmirror.com




### एक्शन थ्रिलर में लीड रोल में नज़र आएगी पूजा हेगड़े

पूजा हेगड़े, जिन्हें आखिरी बार बॉलीवुड में सलमान खान के साथ किसी का भाई किसी की जान में देखा गया था, एक और दिलचस्प मनोरंजन के लिए तैयार हैं।

### पति राज कुंद्रा के साथ ट्रोल हुईं शिल्पा

शिल्पा ने पति की तरह ब्लैक मास्क पहना था। शिल्पा और राज कुंद्रा का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।



### दीपिका ने शेयर किया 'सिंघम अगेन' से अपना लुक

दीपिका पादुकोण का लुक दर्शकों के सामने आ गया है। फिल्म 'सिंघम अगेन' में दीपिका लेडी सिंघम शक्ति शेट्टी का किरदार निभाएंगी।

### इकाना स्टेडियम पहुंचे सपा अध्यक्ष अखिलेश

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में रविवार को भारत-इंग्लैण्ड के बीच हो रहे विश्व कप मैच को देखने पहुंचे।



## BRIEFLY

### केरल के बम धमाके 'हेट स्पीच' की परिणति

तिरुअनंतपुरम। केरल के एर्नाकुलम जिले में स्थित एक कन्वेंशन सेंटर में रविवार को तीन बम धमाके हुए। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई और 52 लोग घायल हो गए। इन धमाकों को केरल में पिछले कुछ दिनों से इजराइल और यहूदी समुदाय के खिलाफ चल रहे 'घृणास्पद भाषण' की परिणति के रूप में देखा जा रहा है। रविवार सुबह कलामासेरी स्थित कन्वेंशन सेंटर में प्रार्थना सभा के दौरान महज 5 मिनट में लगातार तीन धमाके हुए। ये धमाके सुबह 9:45 बजे के आसपास हुए। एर्नाकुलम में घटनास्थल के आसपास बड़ी संख्या में यहूदी समुदाय के लोग रहते हैं। एर्नाकुलम में 2 दिन पहले आतंकी संगठन हमास के समर्थन में रैली भी हुई थी। राज्य के मलप्पुरम में आतंकी संगठन हमास के कमांडर खालिद मेशाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नागरिकों को संबोधित किया। कांग्रेस नेता शशि थरूर को भी हमास का विरोध करने की कीमती चुकानी पड़ी। थरूर ने कोझिकोड में इंडियन मुस्लिम लीग के एक कार्यक्रम में हमास की आलोचना की थी। नतीजतन महल एम्पावरमेंट मिशन (एमईएम) ने फिलिस्तीन के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम से शशि थरूर का नाम काट दिया। एमईएम ने 30 अक्टूबर को तिरुअनंतपुरम में फिलिस्तीन के समर्थन में रैली आयोजित की है। राज्य में इजराइल और यहूदी समाज के खिलाफ नफरत फैलाई जा रही है। ऐसे आयोजन और हेटस्पीच के चलते धमाके हुए हैं।

## Trending News

### वोकल फॉर लोकल से होगा 'आत्मनिर्भर भारत' का सपना साकार: प्रधानमंत्री

बीएनएम@

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में लोगों से त्योहारों के सीजन में स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की और कहा कि इससे देश का आत्मनिर्भर बनने का सपना साकार होगा। 'मन की बात' के 106वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने खादी उत्पादों की रिकॉर्ड बिक्री का उल्लेख करते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों की खरीद से अन्य देशवासियों की भी दीपावली खुशी से मनेगी। देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी आगामी जयंती पर याद करते हुए प्रधानमंत्री ने 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान और 'मेरा युवा भारत' (माय भारत) कार्यक्रम का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि देश की एकता के सूत्रधार सरदार पटेल की जयंती पर देश के कोने-कोने से एकत्रित की गई माटी लेकर अमृत कलश यात्राएं दिल्ली पहुंच रही हैं। इन्हें एक विशाल कलश में डाला जाएगा और इस पवित्र मिट्टी से दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि 'माय भारत' देश के युवाओं को राष्ट्र निर्माण के विभिन्न आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करेगा। वे युवाओं से आग्रह करते हैं कि स्वयं को mybharat.gov.in में रजिस्टर कर विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभागी बनें।




# केरल के कलामासेरी में बम विस्फोट, एक की मौत, 36 जख्मी

बीएनएम@नई दिल्ली/कोच्चि

नई दिल्ली/कोच्चि। केरल में एर्नाकुलम जिले के कलामासेरी स्थित एक कन्वेंशन सेंटर में रविवार सुबह हुए बम धमाकों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 36 लोग घायल हुए हैं। घायलों में पांच की हालत गंभीर है। यह विस्फोट उस समय हुआ जब कन्वेंशन सेंटर में ईसाइयों के एक सम्प्रदाय 'यहोवा के साक्षी' की प्रार्थना सभा चल रही थी। प्रार्थना सभा में कम से कम दो हजार लोग मौजूद थे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से बात की और बम विस्फोट के बाद की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) को भी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच करने का निर्देश दिया है। केरल के पुलिस महानिदेशक डॉ शेख दरवेश साहब ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि विस्फोट आईईडी डिवाइस से किया गया था। उन्होंने बताया कि आज सुबह लगभग 9:40 बजे इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एग्जीबिशन सेंटर में विस्फोट हुआ जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 36 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों का निकटवर्ती अस्पताल में इलाज चल रहा है। हमारे सभी वरिष्ठ अधिकारी मौके पर हैं। जांच जारी है। इसके साथ ही पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भड़काऊ सामग्री डाले जाने से परहेज करने की अपील की।

# फिलिस्तीन समर्थक रैली के 12 घंटे बाद केरल में हुए बम धमाकों से केंद्र हाई अलर्ट पर



बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। केरल के मलप्पुरम में फिलिस्तीन समर्थक रैली में हमास के पूर्व प्रमुख खालिद मेशाल के आभासी संबोधन के बमुश्किल 12 घंटे बाद कलामासेरी में प्रार्थना सभा के दौरान रविवार को हुए जोरदार बम धमाकों के बाद केंद्र सरकार हाई अलर्ट पर है। पूरे हालात पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह नजर बनाए हुए हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की आठ सदस्यीय टीम केरल भेज दी गई है। विस्फोट में इस्तेमाल की गई सामग्रियों को इकट्ठा करने और जांच करने के लिए एक बम निरोधक इकाई को दिल्ली से केरल भेजा गया है। दूसरी तरफ, खुफिया एजेंसियों ने पिछले एक हफ्ते में गैर-मुसलमानों पर संभावित हमलों के लिए केरल सरकार को 3 अलर्ट दिए थे, लेकिन केरल सरकार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इस बीच शनिवार रात को केरल के मलप्पुरम में फिलिस्तीन समर्थक एक रैली हुई, जिसे हमास के पूर्व प्रमुख खालिद मेशाल ने आभासी रुप से संबोधित किया था। इस रैली के बमुश्किल 12 घंटे बाद एक के बाद हुए तीन बम धमाकों ने पूरे केरल को हिलाकर रख दिया।

# इजरायली हमले के विरोध में माकपा का प्रदर्शन, केरल के मुख्यमंत्री भी हुए शामिल

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और अन्य वरिष्ठ माकपा नेता ने गाजा पर इजरायल के हमलों के विरोध में दिल्ली में एकेजी भवन के बाहर प्रदर्शन किया। माकपा के सोशल मीडिया के अनुसार पोलित ब्यूरो और सीसी सदस्यों ने साम्राज्यवादी संयुक्त राज्य अमेरिका के समर्थन से काम कर रहे इजरायली बलों द्वारा गाजा में नरसंहार एवं आक्रामकता को समाप्त करने का आह्वान करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। हम इजराइल-फिलिस्तीन पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का समर्थन करते हैं।" इस दौरान माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने गाजा पट्टी में इज़राइली हमलों को बर्बर बताया और तत्काल इन्हें रोके जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि संघर्ष में अब तक आठ हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और मलबे के नीचे कई शव पड़े हैं। दूसरी ओर केरल के मुख्यमंत्री विजयन ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार इजरायल का समर्थन कर रही है। पार्टी का आज का प्रदर्शन फिलिस्तीनियों पर इजरायल के अमानवीय नरसंहार के खिलाफ है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि संयुक्त राष्ट्र में भारत ने फिलिस्तीन के पक्ष में आए प्रस्ताव में वोट नहीं किया।



# नीतीश कुमार महात्मा गांधी और डॉ आंबेडकर के सपनों को कर रहे साकार : अशोक चौधरी




बीएनएम@

पूर्णिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 17 वर्षो में न्याय के साथ विकास की शुरुआत किया जिसका सपना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ आंबेडकर ने देखा था। हम उस समाज से आते हैं जिन्हें अछूत समझा जाता था।देश आजाद हुआ तो संविधान में सबों को समानता का अधिकार दिया गया। लेकिन, 75 साल बाद भी संविधान द्वारा दिया गया समानता का अधिकार पूरी तरह हासिल नही हो सका। नीतीश जी जब आए तो बाबा साहेब के रास्ते पर चलते हुए सबसे पहले शिक्षा व्यवस्था में सुधार शुरु किया। 25 हजार स्कूल खुले, 2.50 लाख वर्ग कक्ष का निर्माण कराया। टोला सेवक और तालीमी मरकज के माध्यम से स्कूल से वंचितों को स्कूल से जोड़ा गया। मिड डे मील योजना, साईकल योजना और पोशाक योजना से बड़ा बदलाव आया। वर्ष 2007 में पंचायती राज व्यवस्था में आरक्षण दिया और परिणाम यह निकला कि जो अतिपिछड़ा, दलित, महादलित मुखिया के दरवाजे पर जाने से डरता था वे खुद मुखिया और जिला पार्षद बनने लगे। गरीबों के बच्चों के सपनो को उड़ान देने के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड शुरु किया गया। 17 सालों में नीतीश कुमार जी ने जितना दलितों-महादलितों के विकास के लिए काम किया, आजादी के बाद आज तक नही हुआ। जो नेता आपको राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक रुप से सशक्त करना चाहते हैं उनके हाथों को मजबूत कीजिये। आज संविधान और आरक्षण को समाप्त करने की साजिश चल रही है, ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरुरत है। शिक्षित बनिये, संगठित रहिए। उक्त बातें बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने रविवार को जिला मुख्यालय स्थित रामबाग और जलालगढ़ प्रखंड के हांसी बेगमपुर महादलित टोला में आयोजित भीम संवाद को संबोधित करते हुए कही। मंत्री श्री चौधरी ने दलितों-महादलितों से 26 नवंबर को पटना में आयोजित भीम संसद में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार दलितों-महादलितों के कितने बड़े हिमायती हैं वह इस बात से पता चलता है कि वर्ष 2005-06 में समाज कल्याण विभाग का कुल बजट 40.48 करोड़ का था जो वर्ष 2022-23 में 2215.30करोड़ रुपये हो गए। कहा कि बाबा साहेब ने कहा था कि शिक्षित बनो, संगठित बनो, आत्मविश्वासी बनो।नीतीश जी बाबा साहेब के विचारों को मूर्त रुप देने के लिए अनेकों योजनाओं को संचालित करवा रहे हैं।कहा कि देश बचाने, आरक्षण बचाने और संविधान बचाने के लिए एकजुट होकर 26 नवंबर को पटना आएं। आप अपनी ताकत को पहचानिए, ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुचने का काम कीजिए।

## NEWS IN BRIEF

### ऑटो बाइक में सीधी टक्कर में बाइक सवार की मौत, गांव में कोहराम

पूर्णिया।थाना क्षेत्र के रुपौली मोहनपुर सडक पर रविवार को डोभा बिहारीसिंह टोला गांव में ऑटो एवं बाइक की सीधी टक्कर में एक युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई है। टक्कर के साथ ही ऑटो सवार भागने में सफल हो गया है। युवक मोहनपुर ओपी के बहुती गांव के रहनेवाला बताया गया। घटना की खबर पाकर मौके पर पुलिस पहुंची तथा शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया है, जबकि ऑटो को कब्जे में ले लिया है। मौत की खबर गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया है, स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि बहुती गांव का रघु मंडल पिता जवाहर मंडल उम्र 35 वर्ष बाइक से रुपौली की ओर काफी तेजी से जा रहा था, तभी उसकी टक्कर मालवाहक ऑटो से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर होते ही युवक बाइक से कुछ दूर फेका गया, जिससे उसके सिर में गहरी चोट लग गई तथा खून बहने से उसकी तत्क्षण मौत हो गई। इधर खबर पाकर मौके थानाध्यक्ष महादेव कामत घटना स्थल पर पहूंचे तथा एंबुलेंस की मदद से युवक को रेफरल अस्पताल पहूंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इधर स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### किसान पुत्र ने अपनी प्रतिभा के बल पर सफलता अर्जित की

समस्तीपुर । 67वीं बिहार प्रशासनिक सेवा का परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है। इस परीक्षा में समस्तीपुर जिले के विद्यापतिनगर प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती कांचा पंचायत निवासी एक किसान के पुत्र ने अपनी प्रतिभा के बल पर सफलता अर्जित की है। किसान उपेंद्र राय उर्फ पीणा राय व स्व. मीना देवी के पुत्र प्रवीण कुमार ने 45 वीं रैंक प्राप्त कर एसडीएम पद पर चयनित हुए हैं।उनके पिता दुग्ध सेंटर चलाते हैं वहीं गांव में किसानी का काम करते हैं।

# हेरोइन के साथ नशा के पांच कारोबारी गिरफ्तार

बीएनएम@बेगूसराय

बेगूसराय। तेघड़ा थाना की पुलिस ने हेरोइन के साथ मादक पदार्थों की धंधे में शामिल होने के आरोप में पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नशे के सौदागरों से डीएसपी डॉ. रविन्द्र मोहन प्रसाद पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर तेघड़ा थाना क्षेत्र के दनियालपुर निवासी रौशन पाठक एवं विकास कुमार उर्फ बिट्टू, हसनपुर निवासी राहुल कुमार उर्फ सुधो, मुरारी कुमार एवं राम विनोद सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के समक्ष तस्करों ने बताया है कि 12 हजार रुपये में दस ग्राम हेरोइन खरीदकर लाया जाता है। अंतरराज्यीय तस्करों से हेरोइन खरीदने के बाद उसे छोटे-छोटे पुड़िया में बांधकर पांच-पांच सौ रुपये में बिक्री कर देता है। इन तस्करों के पास से पुलिस ने करीब 14 ग्राम प्रतिबंधित नशीली हेरोइन, ड्रग्स मापक पॉकेट स्केल तराजू, तीन मोटरसाइकिल एवं मोबाइल बरामद किया है।

# बलिया में प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए बवाल मामले में 11 गिरफ्तार

बीएनएम@बेगूसराय

बेगूसराय। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान 25 अक्टूबर की शाम बलिया थाना क्षेत्र के मिरसीकार टोला में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में उपद्रव करने वाले 11 नामजद अभियुक्तों को तीन दिनों के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। घटना में शामिल अन्य उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी। एसपी योगेन्द्र कुमार ने रविवार को बताया कि उक्त मामले में 79 नामजद एवं दो सौ अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। प्रतिमा विसर्जन जुलूस में शामिल अमित रस्तोगी के इशारा पर मो. शहादत के घर के सामने सड़क किनारे बिजली पोल पर बंधा हुआ मुस्लिम समूदाय के झंडे को तोड़कर, भीड़ में फेंक दिया गया। जिसके कारण आस-पास में खड़े दूसरे समूदाय के लोगों के द्वारा नोंक-झोंक एवं हंगामा किया जाने लगा। जिस पर पुलिस प्रशासन के द्वारा समझा-बूझाकर स्थिति को नियंत्रित किया गया। लेकिन कुछ ही समय बाद उसी रास्ते से पुनः एक दूसरा प्रतिमा विसर्जन जुलूस जाने लगी तो उपद्रवियों के द्वारा ईंट-पत्थर फेंका गया। मामले में धारा-147, 148, 149, 341, 342, 323, 325, 337, 338, 307, 435, 436, 353, 427, 153 (ए), 295 (ए), 505 (बी), 505 (सी), 120 (बी), 379 एवं 9 लाउड स्पीकर एक्ट के तहत 79 लोगों को नामजद एवं दो सौ अज्ञात लोगों के विरुद्ध कांड दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया गया है।

# नगमा तबस्सुम बनी एसडीएम, बधाइयों का लगा ताँता

बीएनएम@तुरकौलिया

तुरकौलिया। तुरकौलिया प्रखंड अंतर्गत तुरकौलिया पूर्वी पंचायत के कवलपुर गांव के सैयद निजामुद्दीन की पुत्री नगमा तबस्सुम ने बीपीएससी 67वी परीक्षा में 52वां रैंक लाकर एसडीएम के लिए चयनित हुई है। जिसे लेकर इलाके में खुशी की लहर है। नगमा को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। साथ ही जनप्रतिनिधियों व नामचीन लोगो द्वारा लगातार सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक राजेंद्र राम, जिला पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी हेमंत किशोर वर्मा व तुरकौलिया पूर्वी पंचायत की निवर्तमान मुखिया सह एबी हास्पिटल की डायरेक्टर बेबी आलम ने नगमा को बधाई देते हुए फुलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। जहां जिला पार्षद प्रतिनिधि हेमंत किशोर वर्मा ने कहा कि नगमा एसडीएम बनकर इलाके व जिले का नाम रौशन किया है। तुरकौलिया वासियों को गौरवान्वित होने का अवसर दिया है।



# महिला मंच ने किया डांडिया नाइट का आयोजन



बीएनएम@मुजफ्फरपुर

मुज़फ्फरपुर। स्थानीय नॉर्थ बिहार चेंबर ऑफ कॉमर्स, छोटी सरैयागंज के सभागार में प्रत्येक वर्ष की भांति कलवार महिला मंच के द्वारा बहुत ही हर्षोल्लास के साथ डांडिया नाइट(रास रसिया गरबा) का भव्य आयोजन किया गया । जिसमे गरबा व डांडिया के साथ साथ बिहार के प्रसिद्ध लोक गीत झिझिया एवं साथ में बच्चे से लेकर बड़ों की कला का भी प्रस्तुति हुई।

**कलवार महिला मंच, मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य मकसद आज की पीढ़ी को बिहार के संस्कृति से परिचय कराना है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले को लक्की ड्रा, बेस्ट परफॉमेंस अवॉर्ड, बेस्ट ड्रेस अवॉर्ड सहित अन्य कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज के लॉ कॉलेज के छात्र शाहिल चौधरी व छात्रा स्तुति कुमारी का जन्मदिवस केक काटकर मनाया गया। कार्यक्रम का संयोजन राजकुमार गुप्ता ने किया।**

मौके पर अध्यक्ष सविता चौधरी, महामंत्री जूली चौधरी, जदयू महिला प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष सीमा जायसवाल, कोषाध्यक्ष लवली जायसवाल, मधु चौधरी, सुशीला देवी, रागनी चौधरी, अलका चौधरी, बेबी चौधरी, उषा चौधरी, शिखा चौधरी, प्रियंका जयसवाल, कंचन चौधरी, प्रियंका चौधरी, मीना चौधरी, सहित कई महिलाएं व गणमान्य लोग उपस्थित थें। इसके साथ कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने तरह -तरह के व्यंजनों का भी लुफ्त उठाया।

# भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा सख्त बनाने को लेकर दोनों देश के अधिकारियों की हुई बैठक



बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। भारत-नेपाल के द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत बनाने को लेकर शनिवार को नेपाल के वाणिज्यिक राजधानी वीरगंज स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट के सभागार में दोनो देश के अधिकारियो की बैठक हुई।जिसमे दोनो देश के सीमावर्ती जिलो के अधिकारी प्रमुख रुप से मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता नेपाल के परसा जिला के सीडीओ हीरा लाल रेग्मी ने किया। जबकि बैठक में नेपाल के बारा जिला के सीडीओ नवराज सापकोटा, बारा जिला के एसपी सुरेश काफले, परसा जिला के एसपी कोमल शाह जबकि भारत की ओर से भारतीय महावाणिज्य दूत शशि भूषण कुमार पूर्वी चंपारण के एसपी कांतेश कुमार मिश्रा,डीएम सौरभ जोरवाल,अपर समाहर्ता पवन कुमार सिन्हा,डीडीसी समीर सौरभ,एसडीएम श्रेष्ठ अनुपम,प.चंपारण के डीएम दिनेश राय,एसपी डी अमरकेश, बगहा एसपी किरण कुमार गोरख जादव,सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सीमा की सुरक्षा व प्रबंधन,आयात-निर्यात,सीमा क्षेत्र के विकास के साथ नार्कोटिक्स प्रतिबंधित नशीली दवाओं के धंधबाजों पर नकेल कसने, सीमावर्ती क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण,हथियार की तस्करी रोकने, मानव व्यापार, जाली नोट वन्य जीव के शिकार और तस्करी आदि मसलों पर विस्तृत रुप से चर्चा किया गया। वहीं, सीमा क्षेत्र के दोनो ओर विकास, बुनियादी ढांचा की बेहतरी,व्यापारियों की सुविधा, आवाजाही में हो रही दिक्कतों, रक्सौल में लगने वाले जाम जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा क्रॉस बॉर्डर क्राइम से जुड़े विभिन्न गैंग पर अंकुश लगाने, मोस्ट वांटेड को पकड़ने, अतिवादी और देश विरोधी शक्तियों पर नकेल कसने, विदेशी नागरिकों की घुसपैठ रोकने,गोपनीय सूचना के आदान प्रदान और आपसी समन्वय स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने पर सकारात्मक चर्चा हुई। इस दौरान दोनों देशों के अधिकारियों ने एक दूसरे को सहयोग करने का आश्वासन दिया।बैठक में पहुंचे भारतीय अधिकारियो को नेपाल पुलिस और सुरक्षा बल के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ पुष्प गुच्छ और उपहार प्रदान कर स्वागत सम्मान किया गया। अधिकारियो ने बताया कि वार्ता काफी सौहार्दपूर्ण और सफल रही।बैठक के बाद वीरगंज उद्योग वाणिज्य संघ और रक्सौल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री प्रतिनिधियों के साथ भी एक बैठक हुई, जिसमे व्यापार से जुड़े कई अहम मुद्दो पर चर्चा किया गया।

## NEWS IN BRIEF

### मेगा पोलियो रैली का आयोजन

मोतिहारी। रविवार को रोटरी मोतिहारी लेक टाउन, रोटरी मोतिहारी इनर व्हील, मोतिहारी लेक टाउन रोटरेक्ट मोतिहारी, लेक टाउन तथा भारत विकास परिषद एवं साइकलिंग एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास से एक वृहद पोलियो रैली निकला गया। यह रैली शहर के सदर अस्पताल से निकलते हुए नगर के मुख्य मार्गों को परिभ्रमण कर रेडक्रॉस भवन में समाप्त हुआ। विदित हो की भारत में पोलियो वायरस पिछले 10 साल से नहीं पाई गई है, परंतु अपने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान और अफगानिस्तान इन दोनों मुल्कों में पोलियो वायरस अपना उपस्थिति दर्ज करा रही है। इस परिस्थिति में हमें सतर्क रहना है तथा अपने 5 साल के नीचे के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाते रहना है। आज से करीब 36 साल पहले रोटरी ने सपना देखा था की विश्व से पोलियो को भगाकर ही दम लेना है और रोटरी का यह सपना आज साकार होते हुए नजर आ रही है। विश्व में दो ही ऐसा देश है जिसमें आज भी पोलियो वायरस पाए जा रहे हैं तो हमें सतर्क एवं सजग रहने की जरुरत है तथा पोलियो को विश्व से भागना है।

इस रैली में मुख्यतः रोटरी मोतिहारी लेक टाउन के प्रेसिडेंट राकेश कुमार रामू,सचिव डॉ. प्रिया प्रसाद, जिला चेयरमैन देवप्रिय मुखर्जी, डॉ. आलोक कुमार, प्रियंका सरकार, रोहित कुमार, राकेश कुमार सिन्हा, एनके अस्थान, अरविंद कुमार, मधुर जायसवाल, इनर व्हील अध्यक्ष अमृता कुमारी, आशा सिंह, धीरा गुप्ता, निशा देव, चंद्रलता वर्मा, दीपा गुप्ता, मनीष सिंह, रोटरी अध्यक्ष डॉ. एलबी प्रसाद, डॉ. अमित, डॉ. बिनेश कुमार चौधरी, साइकिल संगठन के सिद्धार्थ, राहुल केसरी, मकबूल, अदिति, प्रसिद्ध, आदित्य, भावना, शिवांश, राज सहित अन्य ने इस रैली को सफल बनाया।

## छापेमारी में शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

बीएनएम@रामगढ़वा

रामगढ़वा। थाना क्षेत्र अंतर्गत थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान ने गस्ती के दौरान छापेमारी कर शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया हैं। इसकी जानकारी देते थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली की थाना क्षेत्र के रामगढ़वा कॉलेज एनएच 28 सड़को पर शक होने की वजह से एक व्यक्ति की तलाशी ली गई। जिसमें जांच के दौरान लगभग 100 पीस नेपाली कस्तूरी शराब को बरामद किया गया है। वही पूछताछ में कारोबारी की पहचान सुगौली थाना क्षेत्र के देवानंद चौक निवासी आरिस हुसैन के रुप में कई गयी हैं। जिसको मद्द-निषेध के तहत कानूनी कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया हैं। मौके पर गस्ती के अभियान में उपस्थित थाना एएसआई सहित चौकीदार व अन्य पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## पिकअप ड्राइवर की बेटी बनी एसडीएम, बीपीएससी में मारी बाजी

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। जिसमे हो इच्छा प्रबल वो पार जाकर ही रहेगा।सचमुच इस वाक्य को रक्सौल के एक पिता और उसकी बेटी ने सही साबित किया है। वो पिता जो पिकअप चलाकर सीमित संसाधनो के बीच अपनी बेटी को पढाकर एसडीएम पद तक पहुंचाया। जिले के रक्सौल प्रखंड के जोकियारी पंचायत की चिकनी गांव निवासी रमाकांत दास की बिटिया ज्योति रानी ने 67वी बीपीएससी में 256वां रैंक लाकर एसडीएम पद के लिए क्वालीफाई किया है।ज्योति के पिता खुद पिकअप चलाने का काम करते हैं। जिनके आंखो में खुशी का आंसू था,आखिर रमाकांत की पुत्री ज्योति रानी एसडीएम जो बन गई है। रमाकांत ने बताया कि जैसे ही रिजल्ट आया वे लोग भी बधाइयां दे रहे है,जो कल तक मेरे हैसियत देख कन्नी काट लिया करते थे।रमाकांत ने बताया हमने ज्योति के पढाई में कोई कसर नही छोड़ा। हर परिस्थिति का सामना कर उसे पढाया।उसकी प्राथमिक शिक्षा रक्सौल के नोट्रेडम स्कूल से हुई।उच्च शिक्षा रक्सौल के ही केएचडब्ल्यू स्कूल से हुई, जहां ज्योति रानी ने दसवीं 9.6 सीजीपीए से पास की। उसके बाद उसके लगन को देख उसे पढाई के लिए पटना के एक इंस्टीट्यूट में दाखिला कराया जहां से 87% मार्क्स के साथ ज्योति ने 12वीं पास की। उसके बाद आर्य इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जयपुर से बीटेक 80. 3% मार्क्स के साथ पास की।

## एनसीसी प्रशिक्षणार्थियों को कराया गया परिभ्रमण



**बिहार के सांस्कृतिक वैभव को देख कैडेट्स भावुक हो गए। वहीं दूसरी ओर बिहार और झारखंड के कैडेटों को बापूधाम चंद्रहिया,गांधी स्मारक और चरखा पार्क का परिभ्रमण कराया गया जिन्हें देखकर कैडेट्स उस नील आंदोलन के ज़माने को याद करने लगे जब किसानों की दुर्दशा की जानकारी होने पर गांधीजी को चंपारण आना पड़ा था और उन्होंने सत्याग्रह और सविनय अवज्ञा जैसे आयुधों के द्वारा लड़ाई लड़कर अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर विवश कर दिया था।**

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। जिले के पिपराकोठी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय स्तर के एनसीसी "एक भारत:श्रेष्ठ भारत" कैंप का तीसरा दिन परिभ्रमण कार्यक्रमों का रहा। उक्त कार्यक्रम में उड़ीसा से पधारे कैडेटों को जिले के केसरिया स्थित प्रसिद्ध बौद्ध स्तूप का भ्रमण कराया गया। विश्व के सबसे बड़े बौद्ध स्तूप की संरचना देख कर कैडेट्स भाव विभोर हो गए। उन्होंने वहां सेल्फी ली, फोटो खिंचवाए और स्मृतियों को कैमरे में सुरक्षित कर लिया।

विदित हो कि कैडेटों को और भी दर्शनीय स्थलों का परिभ्रमण करवाने की योजना है। कैंप को सुचारु रुप में संचालित करने में कैंप कमांडेंट ब्रिगेडियर नीलकमल(सेना मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल)और डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल प्रदीप कुमार सिंह(सेना मेडल) की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस परिभ्रमण यात्रा को सफलता प्रदान करने में सूबेदार सुनील कुमार,हवलदार माणिक थापा,हवलदार रेशम राणा तथा सिविल स्टाफ राजेश्वर प्रसाद,आशुतोष,अवधेश और वेदप्रकाश की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कैप्टन(डॉ.)अरुण कुमार ने दी है।

## रंगकर्मी प्रसाद रत्नेश्वर नौ राज्य के सांस्कृतिक विकास पर देंगे सलाह

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। जिले के प्रसिद्ध रंगकर्मी व साहित्यकार प्रसाद रत्नेश्वर बिहार सहित देश के नौ राज्यों के सांस्कृतिक विकास के लिए सलाह देंगे। इसके लिए उन्हे अगामी 20 नवम्बर को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता के शासक दल बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। उल्लेखनीय है, कि इस बैठक की अध्यक्षता पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आंनद बोस करेंगे जबकि ओडिशा के नवनियुक्त राज्यपाल रघुबर दास इसमे बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर बिहार, असम, झारखंड, मणिपुर, ओडिशा, सिक्किम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल एवं संघ शासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीप समूह राज्य सरकारों के सचिव स्तर के पदाधिकारियों के अलावे इन राज्यों के चुने हुए कला-विशेषज्ञों भी उपस्थित रहेगे। यहां बता दे कि मोतिहारी निवासी प्रसाद रत्नेश्वर चालीस वर्षो से रंगमंच पर सक्रिय हैं।



# Editorial

## हवा में घुलता जहर-सांसों पर कहर

दीवाली से कई दिन पहले ही दिल्ली-एनसीआर की हवा में जहर घुल चुका है। वायु प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ रहा है कि दमघोंटू हवा में लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है। वैसे तो वर्तमान में मुंबई में भी वायु गुणवत्ता 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज की गई है और वहां बीएमसी द्वारा बिगड़ते वायु प्रदूषण को रोकने के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं लेकिन देश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तो वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में है। दिल्ली हो या नोएडा अथवा आसपास के अन्य इलाके, एक्यूआई 300 के ऊपर जा चुका है तथा माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह 400 के पार पहुंच जाएगा, तब लोगों को सांस लेने में काफी तकलीफ महसूस होने लगेगी। वैसे अभी से सांस संबंधी परेशानियों के साथ बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचने लगे हैं। 'सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फॉरकास्टिंग एंड रिसर्च' के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गई है। सफर की स्थापना भारत में महानगरों के प्रदूषण स्तर और वायु गुणवत्ता को मापने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की पहल के तहत 2010 में की गई थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता बहुत खराब रहेगी, जिसका कारण तापमान में कमी और पराली जलाने से होने वाला उत्सर्जन है। केंद्र सरकार के डिसीजन सपोर्ट सिस्टम फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने पराली जलाए जाने की गतिविधियों में वृद्धि की आशंका जताई है, जिससे अगले कुछ दिनों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब होने की आशंका है। चिंता का विषय यह है कि हर साल दिल्ली सहित हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश इत्यादि राज्यों में इस सीजन में खेतों में बड़े स्तर पर पराली जलाई जाती है, जिसके चलते प्रदूषण का यही आलम देखने को मिलता है। यह बेहद चिंता की बात है कि किसानों से खेतों में पराली नहीं जलाए जाने के निरंतर अनुरोधों के बाद भी इस बार दशहरे के मौके पर तो जैसे किसानों में पराली फूंकने की होड़ सी लगी दिखी।

## रक्तहीन क्रांति के संवाहक सरदार पटेल

**रमेश सर्राफ धमोरा**



सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। महात्मा गांधी ने वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि दी थी। उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि उन्होंने भारत को एकजुट करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता, राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देश के वो पहले गृहमंत्री गृहमंत्री थे जिन्होंने भारतीय नागरिक सेवाओं (आईसीएस) का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं (आईएएस) बनाया। अंग्रेजों की सेवा करने वालों में विश्वास भरकर उन्हें राजभक्ति से देशभक्ति की ओर मोड़ा। यदि सरदार पटेल कुछ वर्ष और जीवित रहते तो संभवतः नौकरशाही का पूर्ण कायाकल्प हो जाता। स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री, सूचना प्रसारणमंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था। सरदार पटेल ने आजादी के पूर्व ही देशी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। सरदार पटेल के प्रयास से 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोडकर शेष भारतीय रियासतें भारत संघ में सम्मिलित हो चुकी थी। सरदार पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नाडियाड में लेवा पट्टीदार जाति के एक जमींदार परिवार में हुआ था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाड़बाई की चौथी संतान थे। सरदार पटेल ने करमसद में प्राथमिक विद्यालय और पेटलाद स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की, लेकिन उन्होंने अधिकांश ज्ञान स्वाध्याय से ही अर्जित किया। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया। 22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और जिला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, जिससे उन्हें वकालत करने की अनुमति मिली। सरदार पटेल के पांच भाई व एक बहन थी। 1908 में पटेल की पत्नी की मृत्यु हो गई। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया। वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त 1910 में लंदन की यात्रा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार पटेल स्मारक का उद्घाटन किया था। इसका नाम एकता की मूर्ति (स्टेच्यू ऑफ यूनिटी) रखा गया है। यह मूर्ति स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी से दुगुनी ऊंची (182 मीटर) है। इस प्रतिमा को केवडिया के निकट साधुबेट नामक एक छोटे चट्टानी द्वीप में सरदार सरोवर बांध के सामने नर्मदा नदी के मध्य में स्थापित किया गया है। सरदार पटेल की यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। सरदार पटेल की इस प्रतिमा को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनका व्यक्तित्व कितना विशाल रहा होगा। सरदार यानी नेतृत्व करने का गुण तो उनमें जन्मजात था ही। संघर्षों में तपकर उनका मनोबल लोहे की तरह दृढ़ हो गया था। अपनी इसी इच्छा शक्ति व दृढ़ मनोबल के दम पर उन्होंने देश की आजादी के बाद एक भारत बनाने का ऐसा मुश्किल काम कर दिखाया जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। भारत के राजनीतिक इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

Today's Opinion

## अमरत्व का संधान है संस्कृत



**हृदयनारायण दीक्षित**

अंग्रेजी आग्रही लोगों के लिए शुभ सूचना नहीं है। लेकिन संस्कृत प्रेमी प्रसन्न हैं। लिथुआनिया यूरोप का विकसित और समृद्ध देश है। उत्तर-पूर्वी यूरोप में बाल्टिक सागर के किनारे स्थित यह देश संप्रति संस्कृत भाषा के आकर्षण में है। जर्मन विद्वान मैक्समूलर संस्कृत और ऋग्वेद पर मोहित थे ही। विलियम जोन्स भी संस्कृत प्रेमी थे। अब लिथुआनिया ने विश्वास प्रकट किया है कि इसकी भाषा और संस्कृति का जुड़ाव भारत की भाषा संस्कृत से है। लिथुआनिया में संस्कृत के विद्वान विटिस विदुनस भारत आए हैं। वे विल्नियस यूनिवर्सिटी के एशियन एवं बहुसांस्कृतिक अध्ययन विभाग में प्रतिष्ठित विद्वान हैं। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में एक भाषण दिया है। उन्होंने भारत और लिथुआनिया में भाषाई समानता के तथ्य सामने रखे। लिथुआनिया आगे शोध करना चाहता है। कार्यक्रम में भारत लिथुआनिया की राजदूत डायना मिकेविसीन भी मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि संस्कृत, लिथुआनियाई भाषा की करीबी बहन है। उन्होंने जानकारी दी कि भारत में लिथुआनिया के दूतावास ने देशभर में दोनों भाषाओं के सम्बंधों की पहचान के लिए प्रयास प्रारम्भ किए हैं। उन्होंने बताया कि दोनों भाषाओं की समानताएं शब्दावली तक ही सीमित नहीं है। व्याकरण की संरचना में भी समानताएं हैं। भारत में ज्ञान, विज्ञान, अर्थशास्त्र, आयुर्वेद, धनुर्वेद, नाटक, संगीत, कला, योगदर्शन और अनुभूति की भाषा संस्कृत है। पाली प्राकृत और अपभ्रंश होते हुए हिन्दी का विकास हुआ। अनेक भाषा विज्ञानी विकास क्रम में भिन्न मत भी रखते हैं। लेकिन प्राकृत के वैयाकरण वररुचि ने लिखा है 'प्रकृतिः संस्कृत/ तस्मादुद्भूतं प्राकृतं।' संस्कृत प्रकृति है। प्राकृत उसी से प्रकट हुई है। भारतीय संस्कृति का विकास और कथन संस्कृत में हुआ था। हिन्दी ने उसे आगे बढ़ाया। संस्कृत को मृतभाषा कहने वाले मित्र दयनीय हैं। भाषा कभी नहीं मरती। उसे बोलने वाले ही भाषा प्राणतेज रहित होते हैं। हिन्दी संस्कृत की उत्तराधिकारी है। बेशक विदेशी सत्ता ने संस्कृति व संस्कृत को दुर्बल बनाया लेकिन संस्कृत को मिटाया नहीं जा सकता। संस्कृत अमरत्व का संधान है। यूरोपीय सभ्यता का केन्द्र ईसाईयत है। ईसाईयत का विरोध या ईसाईयत की निकटता दोनों परस्पर पूरक हैं। भारतीय सभ्यता सोच विचार और चिन्तन का केन्द्र वैदिक दर्शन है। वैचारिक विविधता तर्क प्रतितर्क और सतत शोध इस संस्कृति की प्रकृति है। संस्कृत हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में शोध और बोध की विरासत है। अंग्रेजी ऐसी अनुभूति नहीं देती। लेकिन भारत में अंग्रेजी की ठसक है। अनेक हिन्दी विद्वान भी अंग्रेजी को अंतरराष्ट्रीय भाषा मानते हैं। गांधी जी हिन्दी लिखने बोलने में कठिनाई अनुभव करते थे। उन्होंने समर्थकों से कहा था 'अंग्रेजी की कोई जरूरत नहीं। वायसराय से भी अपनी भाषा में बात करो।' बंकिम चन्द्र भारतीय भाषाओं के प्रेमी थे। उन्होंने लिखा, 'हम चाहे कितनी ही अंग्रेजी लिख पढ़ लें, अंग्रेजी हमारे लिए मरे हुए शेर की खाल ही सिद्ध होगी। हम उसे पहनकर सिंह गर्जना नहीं कर सकते।' अंग्रेजी ने हम सबके भीतर आत्महीन भाव पैदा किया है। अंग्रेजी संस्कारों के कारण ही हम वास्तविक इतिहास बोध से दूर हैं। स्वाधीनता संग्राम के समय अंग्रेजी प्रतीकों से भारत की टक्कर थी। संस्कृत और हिन्दी व अन्य भारतीय भाषाओं की समृद्धि समय का आह्वान है। संविधान सभा में पं. नेहरु ने भी स्वीकार किया था कि संस्कृत भारत ही नहीं एशिया के बड़े क्षेत्र में विद्वानों की भाषा थी। आज संस्कृत की स्थिति वैसी नहीं है। संस्कृतविद् प्रायः आधुनिकता की अपेक्षा से दूर है और आधुनिकता प्रेमी संस्कृत से। संस्कृत आधुनिक विज्ञान, तकनीकी, उद्यम और प्रबोधन की भाषा भी हो सकती है। प्राचीन भारत का सारा ज्ञान विज्ञान, हर्ष विषाद और प्रसाद प्रकट करने वाली भाषा आखिरकार आधुनिक जगत की लोकप्रिय भाषा क्यों नहीं हो सकती? चुनौती बड़ी है। संस्कृत जैसा पूर्ण अनुशासन किसी भी भाषा में नहीं है लेकिन संस्कृत कालवाह्य घोषित हो रही है। हम विशिष्ट संस्कृति के कारण ही विश्व के अद्वितीय राष्ट्र हैं। संस्कृति और संस्कृत परस्पर एक हैं।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309 ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# 40 की उम्र के बाद फिट रहने के लिए फॉलो करें ये डाइट



आधुनिक समय में फिट रहना बेहद कठिन टास्क है। खासकर, 40 की उम्र के बाद सेहतमंद रहना किसी चुनौती से कम नहीं है। इस उम्र में दिल की बीमारी, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, किडनी और लिवर संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके लिए सेहत पर विशेष ध्यान देने की जरुरत पड़ती है। इसमें सही दिनचर्या का पालन, उचित खानपान, रोजाना योग और एक्सरसाइज जरूर करें। वहीं, सेहतमंद रहने के लिए डाइट प्लान में व्यापक सुधार करें। लापरवाही बरतने पर बीमार पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप 40+ ग्रुप में शामिल हैं, तो सेहतमंद रहने के लिए फॉलो करें ये डाइट प्लान--हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो 40 की उम्र के बाद व्यक्ति को खाने में दूध, दही समेत डेयरी उत्पादों का कम से कम उपयोग करें। डेयरी उत्पादों से कोलेस्ट्रॉल बढ़ने लगता है। वहीं, इस उम्र में मेटाबॉलिज़्म धीमा हो जाता है। इसके लिए सुबह के नाश्ते में डेयरी उत्पादों का कम सेवन करें। वहीं, डाइट में अंडे, ताजे फल आदि चीजों को जरूर शामिल करें।

40 साल के बाद फल और सब्जियों का अधिक से अधिक सेवन करना चाहिए। इनमें कैलोरी कम होती है। वहीं, फल और सब्जियों में कई गुणकारी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद साबित होते हैं। इसके लिए लंच में फल और सब्जियों का अधिक से अधिक सेवन करें। शाम के समय स्नैक्स में सूखे मेवे और अंकुरति अनाज यानी स्प्राउट्स का सेवन करें। वहीं, तली-भुनी चीजों का सेवन बिल्कुल न करें। इससे कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा रहता है।

रात के खाने में प्रोटीन रिच फ़ूड चीजों का सेवन अधिक से अधिक करें। एक चीज का अवश्य ध्यान रखें कि कोई भी मील स्किप न करें। वहीं, रोजाना योग, एक्सरसाइज और वॉकिंग जरूर करें। इस डाइट प्लान को फॉलो करने से आप सेहतमंद रह सकते हैं।

# लाइफस्टाइल में इन बदलावों से काफी हद तक कम कर सकते हैं हाइपरटेंशन का जोखिम.....

हाई बीपी को ही हाइपरटेंशन नाम से भी जाना जाता है। जो स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर समस्याओं की वजह बन सकती है। वैसे हाइपरटेंशन को साइलेंट किलर भी कहा जाता है क्योंकि व्यक्ति में सालों तक इसके लक्षण नजर ही नहीं आते।

तो समय-समय पर हेल्थ चेकअप कराते रहें जिससे छोटी-बड़ी बीमारियों का समय रहते पता लग सके। हाइपरटेंशन के जोखिम को लाइफस्टाइल में कुछ बदलावों से काफी हद तक कम किया जा सकता है। आइए जानते हैं इनके बारे में।



तनाव और घबराहट ब्लड प्रेशर बढ़ाने का काम करते हैं तो अगर आप छोटी-छोटी बातों से परेशान हो जाते हैं और घंटों तक उसे लेकर स्ट्रेस में रहते हैं तो इसपर ध्यान दें। इसे दूर करने के लिए लॉफ्टर थेरेपी लें, अपनी मनपसंद की चीज़ें करें, मेडिटेशन से भी काफी हद तक स्ट्रेस दूर होता है।


देर रात कर काम करने, टीवी-मोबाइल पर लगे रहने से नींद डिस्टर्ब हो जाती है जिसकी वजह से दिनभर थकान और मूड चिड़चिड़ा रहता है। नींद की कमी भी तनाव की वजह बन सकती है और तो और इससे ब्लड शुगर के साथ हाइपरटेंशन की संभावना भी बढ़ जाती है। हाइपरटेंशन की समस्या से दूर रहने के लिए वजन भी कंट्रोल में रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए चीनी, नमक, सोडा, रेड मीट, फ्राइड आइटम्स से दूर रहें। नाश्ते से लेकर लंच और डिनर तक का टाइम फिक्स करें।

## रोजाना खूब पानी पिएं

रोजाना खूब पानी पीने की आदत डालें। यदि आप भरपूर मात्रा में पानी नहीं पीते हैं तो इससे आपके शरीर में डिहाइड्रेशन हो जाता है। इस स्थिति में सिरदर्द हो सकता है। कई रिसर्च के बाद एक्सपर्ट ने यह सुझाव दिया है कि डिहाइड्रेशन गंभीर सिरदर्द का कारण होता है। डिाहइड्रेशन से चिड़चिड़ापन होता है और आपकी एकाग्रता भी प्रभावित होती है। इसलिए, अपने शरीर को डिहाइड्रेशन से बचने के लिए हर दिन खूब पानी पिएं और पानी से भरपूर फल खाने की आदत डालें।



## संध्या चतुर्वेदी, मथुरा




### बहनें

कभी उन बहनों को ना सताना
जिनके माँ पिता साथ छोड़ गये हो।
हो सके तो थोड़ा प्यार लुटाना उन पर,
उन के उदास बंजर दिल को थोड़ा सुकून मिलेगा।
जब कभी तीज त्यौहार आये तो नोता भिजवा देना
अपनी बहनों के घर भी,
अगर घर ना बुला सको तो शगुन की मिठाई
और कुछ कपड़े भेज देना उन के ससुराल।।

बहन साल भर इंतजार करती है कि कब भाई के घर से न्यौता आयेगा
और कब वो ससुराल से समय निकाल अपने घर जायेगी।
वही घर जो अब उस के भाई और भाभी का बन चुका है।
उसी घर को अपना समझ कुछ समय बितायेगी वो,
माँ की पुरानी अलमारी मे से माँ की पुरानी साडी पहन कर वो माँ को याद कर लेती है।
पापा की तस्वीर को निहार उन के प्यार का अहसास किया करती है।
तो जब वो मायके से विदा हो ससुराल जाने लगे तो
चुपचाप से कुछ पैसे उसकी हथेली पर रख देना,ठीक वैसे जैसे माँ किया करती थी।
उस की आँख से छलके प्यार के आँसू से सारी बुरी नजर धूल जायेगी।
तुम महसूस करना वो माँ के आशीर्वाद वाली बात बहन के प्यार में मिल जायेगी।।

बहनें माँ बन कर जब भाई की नजर उतारती है
तो सारी बुरी नजर जल जाती है बहन के प्यार से।
बुरा न लगाना अगर कभी वो बाप की तरह तुम्हारी
गलती पर तुम्हें डांट दे या सर पर एक थप्पड़ मार दें।
समझ लेना की पापा का हक अदा कर रही है ।
क्योंकि बहनों को माँ बाप की जायदाद नही
भैय्या भाभी का प्यार चाहिए होता है।
अगर भाभी प्यार से खाना बना कर खिला दे तो
ससुराल की सारी थकान दूर हो जाती है।
अब वो जमाना नही की ननद घर में झगड़े कराने आये
क्योंकि अब वो भाई ही कहा जो बहनों की बात मान जाये।
समय के बदलाव से सब बदल जाता है।
पर एक बेटी का दिल ससुराल से ज्यादा मायके को याद किया करता है।।

## नमिता गुप्ता मनसी, मेरठ



### अक्षय संभावनाओं के साथ

मैं नहीं चाहती मोक्ष
लौट आऊंगी
कि जैसे.. तुलसी में मंजरी,
या..वो सावन की बूंद
जब धरती हो प्यासी,
पत्ती-पत्ती झरता हो प्रेम
दावानल के बाद,
कि जैसे..भारी बरसात के बाद
लौट आता है
ताली बजाते हुए, वो इंद्रधनुष,
या घने कोहरे में भी
खिल आती हो धूप
गर्माहट का आश्वासन देती हुई सी,
कि जैसे..
तिरस्कृत प्रार्थनाओं के बाद भी
लौट आतीं हैं
अक्षय संभावनाएं,
कि जैसे..उग आती है दूब
स्वयं से ही
उस प्रलय के बाद भी,
और..
कि जैसे..लिखी जाती है कोई कविता
कम बोले शब्दों में भी
आत्मिक-प्रेम के साथ!!

## प्रीति शर्मा 'असीम'



### बाकी है

चंद खुशियों की हसरत में
बेपनाह दर्द बाकी है।
जो बीच रास्ते छोड़ दिया तुमने
अभी वो साथ बाकी है।
जो तुम तक पहुंच न पाई
मेरी सदायें बाकी है।
मेरे खामोश लफ्जों की हजारों बातें बाकी है।
थकी आंखों का लम्बा अभी इंतजार बाकी है।
जो रूह को सकून दे जाता तेरा दिदार बाकी है।
चंद खुशियों की हसरत में बेपनाह दर्द बाकी है।
जो बीच रास्ते छोड़ दिया तुमने अभी वो साथ बाकी है।
किस कसूर की दी है सजा अभी इल्ज़ाम बाकी है।
मौत का दे दिया फरमान अभी हमारी जान बाकी है।
सजदों में बांधी उस डोर की अभी वो गांठ बाकी है।
क्यों दुआएं कबूली नही गई वो फरियाद बाकी है।
चंद खुशियों की हसरत में बेपनाह दर्द बाकी है।
जो बीच रास्ते छोड़ दिया तुमने अभी वो साथ बाकी है।
हमने अजमा लिया सब को खुदा का इम्तिहान बाकी है।
इश्क़ का यह सिला है ....क्यों हमारा फरमान बाकी है।

नालागढ़, हिमाचल प्रदेश

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 91 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है।

## एक नवंबर से ओएमएसएस के तहत 200 मीट्रिक टन तक खरीद सकते हैं गेहूं

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गेहूं और गेहूं के आटे की बढ़ती कीमतों को स्थिर करने के लिए ठोस कदम उठाया है। सरकार ने एक नवंबर से केंद्रीय पूल से गेहूं के लिए खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत प्रत्येक ई-नीलामी के लिए बोली लगाने की मात्रा 100 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 200 मीट्रिक टन कर दी है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि घरेलू बाजार में गेहूं की आपूर्ति बढ़ाने के लिए आटा मिलर्स और छोटे व्यापारियों जैसे थोक खरीदार ई-नीलामी में 200 मीट्रिक टन के लिए बोली लगा सकेंगे, जबकि फिलहाल ओएमएसएस के तहत यह मात्रा 100 मीट्रिक टन है। मंत्रालय ने यह कदम खुले बाजार में गेहूं की उपलब्धता बढ़ाने और गेहूं की कीमतों को स्थिर रखने के लिए उठाया है। मंत्रालय ने कहा कि देश में प्रत्येक ई-नीलामी में पेश की जाने वाली गेहूं की कुल मात्रा भी दो लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर तीन लाख मीट्रिक टन कर दी गई है। खाद्यान्नों की खरीद और वितरण के लिए भारत सरकार की नोडल एजेंसी भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ओएमएसएस के तहत अपने बफर स्टॉक से गेहूं बेच रही है। एफसीआई ने 26 अक्टूबर को ई-नीलामी के 18वें दौर में 2,318 सफल बोलीदाताओं को लगभग 1.92 लाख मीट्रिक टन गेहूं बेचा है। एफसीआई इन वस्तुओं की खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए साप्ताहिक ई-नीलामी के माध्यम से 28 जून से ओएमएसएस के तहत आटा मिलर्स और छोटे व्यापारियों जैसे थोक खरीदारों को केंद्रीय पूल से गेहूं और चावल बेच रही है। देशभर के 444 डिपो से करीब 2.01 लाख मिट्रिक टन गेहूं बिक्री के लिए पेश किया गया। इसके तहत ई-नीलामी में 2,763 सूचीबद्ध खरीदारों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि गेहूं स्टॉक की जमाखोरी से बचने के लिए कारोबारियों को ओएमएसएस के तहत गेहूं की बिक्री के दायरे से बाहर रखा गया है।



## दिवाली पर देश में 3.5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने की संभावना: कैट






बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारत में दिवाली और उससे जुड़े त्योहारों का सीजन शुरू हो गया है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) को त्योहारों के इस सीजन में देश के बाजारों में लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने की संभावना है। कैट ने रविवार को जारी बयान में कहा कि भारत के सबसे बड़े त्योहार दिवाली एवं उससे जुड़े अन्य त्योहारों की श्रृंखला को ज़ोर-शोर से मनाने के लिए व्यापारी और उपभोक्ता दोनों बेहद उत्साहित हैं। कारोबारी संगठन ने इस बार दिवाली के त्योहारी सीजन में लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपये के व्यापार होने की संभावना जताई है। कारोबारी संगठन कैट ने देश के विभिन्न राज्यों के 30 शहरों में व्यापारी संगठनों के जरिए कराए गए एक हालिया सर्वे की समीक्षा में ये बात सामने आई है। सर्वे के मुताबिक इस वर्ष व्यापारियों ने बड़े पैमाने पर ग्राहकों की मांग एवं पसंद को पूरा करने के लिए व्यापक तैयारियां की है। कैट के मुताबिक देशभर के बाजारों में इस बार रक्षा बंधन, गणेश पूजा, नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर ग्राहकों ने खुलकर खरीदारी की है, उसको देखते हुए इस वर्ष दिवाली के त्योहारी सीजन का व्यापार 3.5 लाख करोड़ रुपये होने की प्रबल संभावना है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि एक मोटे अनुमान के अनुसार दिवाली त्योहार के अवसर पर लगभग 65 करोड़ ग्राहक बाजारों में खरीददारी करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर औसतन हम प्रति व्यक्ति 5500 रुपये की खरीद करें तो यह आंकड़ा 3.5 लाख करोड़ रुपये के व्यापार को पार करता है। खंडेलवाल ने बताया कि जहां देश में इस त्योहार पर केवल 500 रुपये या उससे कम की खरीददारी करने वाले लोग हैं। वहीं, हजारों और लाखों रुपये खर्च करने वालों की भी कमी नहीं है। इसीलिए देश में दिवाली त्योहार के सीजन की महत्त्वता व्यापार की दृष्टि से बेहद अहम है। खंडेलवाल ने कहा कि यूं तो व्यापार के सभी क्षेत्रों में बड़ी बिक्री की संभावना है, लेकिन गिफ्ट आइटम्स, मिठाई नमकीन, ड्राई फ्रूट, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, वस्त्र, आभूषण, कपड़ा, बर्तन, क्रॉकरी, मोबाइल, फर्नीचर, फर्निशिंग, रसोई के उपकरण, घर सजाने का सजावटी सामान, फुटवियर, सौंदर्य प्रसाधन, कॉस्मेटिक, कंप्यूटर उपकरण, स्टेशनरी, बिजली का सामान, फल, फूल, पूजा सामग्री, दिये सहित कुम्हारों द्वारा बनाए गए सामान, भगवानों की तस्वीर, मूर्ति आदि, हार्डवेयर, पेंट, फैशन की वस्तुएं, खाद्य सामान, एफएमसीजी सामान, किराना, सॉफ्ट ड्रिंक, कन्फेक्शनरी, खाद्य तेल, रेडीमेड फूड, खिलौने आदि में बड़ा व्यापार होगा। इसके साथ ही देशभर में हजारों समारोह होने के कारण सर्विस सेक्टर से जुड़े होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हाल, कैटरिंग, इवेंट मैनेजमेंट, कैब सर्विस, डिलीवरी सेक्टर, कलाकारों सहित इसी तरह के अन्य वर्गों को भी बड़ा व्यापार मिलेगा। कैट महामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरु किए गए वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान की वजह से चीनी सामान की मांग पिछले वर्षों में बड़ी हद तक घटी है। इस वर्ष के त्योहारी सीजन में चीन का कोई भी सामान बाजारों में नहीं बिकेगा। देशभर में व्यापारियों ने त्योहारों पर बिकने वाला कोई भी सामान चीन से आयात नहीं किया है। देश के हितों के विरुद्ध चीनी हरकतों ने उपभोक्ताओं को चीनी सामान से विमुख कर दिया है।

## सीमापार कारोबार को सुविधाजनक बनाने के लिए सरकारों में सहयोग जरूरी : पीयूष गोयल

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को जी-7 के व्यापार मंत्रियों की बैठक में शामिल देशों से सीमापार व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए एक नियामकीय ढांचे पर सहयोग बढ़ाने का अनुरोध किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि पीयूष गोयल ने जापान के ओसाका में जी-7 के व्यापार मंत्रियों की बैठक में भाग लिया। इस बैठक में उन्होंने सरकारों से आपूर्ति श्रृंखलाओं की आवाजाही को आसान बनाने और सीमापार व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए एक नियामकीय ढांचे पर सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने कोरोना महामारी और भू-राजनीतिक घटनाओं में मौजूदा आपूर्ति श्रृंखलाओं की कमजोरियों को उजागर किया, जिससे कमोडिटी की कीमतों और वैश्विक मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई। पीयूष गोयल ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में निवेश और आपूर्ति श्रृंखलाओं के नवाचार एवं डिजिटलीकरण की जरूरत पर जोर दिया। इसके साथ ही वाणिज्य मंत्री ने आपूर्ति श्रृंखला के विविधीकरण और कर्मचारियों के कौशल विकास पर भी प्रकाश डाला। गोयल ओसाका में ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) के व्यापार मंत्रियों की बैठक के लिए दो दिवसीय जापान दौरे पर हैं। उल्लेखनीय है कि जी-7 के सदस्य देशों के व्यापार मंत्रियों की बैठक जापान के ओसाका में आयोजित हुई है। जापान ने अपनी अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, चिली, इंडोनेशिया और केन्या को भी आमंत्रित किया है। इस बैठक के दौरान गोयल जी-7 के सदस्य देशों, आमंत्रित देशों और विश्व व्यापार संगठन जैसे कुछ अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे।

## भारत-ब्रिटेन के व्यापार मंत्रियों ने प्रस्तावित एफटीए वार्ता प्रगति की समीक्षा की

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली/ओसाका। भारत और ब्रिटेन ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर जारी वार्ता प्रगति की समीक्षा की। दोनों देशों के बीच यह समीक्षा ओसाका में हुई। भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन की व्यापार मंत्री केमी बेडनोच ने इसकी समीक्षा की। पीयूष गोयल ने शनिवार को 'एक्स' पोस्ट पर दी जानकारी में कहा कि ब्रिटेन की व्यापार मंत्री केमी बेडनॉच के साथ भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर चल रही बातचीत की प्रगति को लेकर चर्चा की। दोनों देशों के बीच प्रस्तावित एफटीए पर वार्ता अंतिम चरण में पहुंच गई है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि दोनों देश चाहते हैं कि यह बातचीत जल्द पूरी हो। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के मुताबिक प्रस्तावित एफटीए वार्ता को जल्द पूरा करने, उत्पादों के मूल स्थान और सेवा क्षेत्र के नियमों जैसे मुद्दों पर मतभेद दूर करने के लिए दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच बातचीत चल रही है। प्रस्तावित एफटीए समझौते में 26 अध्याय हैं, जिनमें सामान, सेवाएं, निवेश और बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि भारत और ब्रिटेन के बीच एक अलग समझौते के तौर पर निवेश संधि के बारे में भी बातचीत हो रही है। दोनों देशों ने जनवरी, 2022 में मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरु की थी। इस वार्ता को पिछले साल दिवाली (24 अक्टूबर, 2022) तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन ब्रिटेन में राजनीतिक घटनाक्रम बदलने के कारण ऐसा नहीं हो पाया था। हालांकि, दोनों देश चाहते हैं कि एफटीए के साथ ही द्विपक्षीय निवेश संधि पर सहमति एक साथ बने। दोनों देशों को उम्मीद है कि 2023 के आखिर तक मुक्त व्यापार समझौते और निवेश संधि पर सहमति बन जाएगी।

## प्याज के लिए न्यूनतम निर्यात मूल्य 800 डॉलर प्रति टन तय

नई दिल्ली। सरकार ने घरेलू बाजार में प्याज की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने की तैयारी शुरु कर दी है। केंद्र सरकार ने घरेलू उपलब्धता बनाए रखने के लिए प्याज के निर्यात पर 800 अमेरिकी डॉलर (लगभग 67 हजार रुपये) प्रति मीट्रिक टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) तय किया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने शनिवार को जारी एक अधिसूचना में कहा कि विदेश भेजे जाने वाले प्याज का एमईपी 31 दिसंबर, 2023 तक 800 डॉलर प्रति टन किया जाता है। अधिसूचना के मुताबिक सरकार ने यह कदम प्याज की बढ़ती कीमतों को देखते हुए उठाया है। दरअसल कम आपूर्ति के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बाजारो में प्याज की खुदरा कीमतें बढ़कर 65-80 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में करीब 400 सफल खुदरा स्टोर वाली मदर डेयरी 67 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से प्याज बेच रही है।

BORDER NEWS MIRROR
BNM
to the point...

BNM
SPORTS

Monday 30-10-2023

BORDER NEWS MIRROR
Border's most vibrant Newspaper






# विश्वकप 2023: भारत ने दर्ज की छठी जीत






बीएनएम@

नई दिल्ली/लखनऊ। विश्व कप 2023 के 29वें मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को 100 से हरा दिया है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 229 रन बनाए, जिसके जवाब में इंग्लैंड की पूरी टीम 129 रन ढेर हो गई। इसी के साथ भारत ने इस विश्व कप में लगातार छठी जीत दर्ज की। शानदार बल्लेबाजी करने के लिए कप्तान रोहित शर्मा को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया। वहीं धारदार गेंदबाजी के बलबूते मैच जीतने वाली भारतीय टीम के लिए मोहम्मद शमी ने चार, जसप्रीत बुमराह ने तीन और कुलदीप यादव ने दो विकेट चटकाए, जबकि रवींद्र जडेजा को एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने अपनी पारी की संभलकर शुरुआत की। 4.4 ओवर तक टीम ने बगैर विकेट गंवाए 30 रन बना लिए लेकिन अगली दो गेंदों पर बुमराह ने दो बल्लेबाज़ों को पवेलियन भेज दिया। बुमराह ने पहले डेविड मलान (16 रन) को बोल्ड किया फिर अगली ही गेंद पर जो रुट को शून्य पर एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। आठवें ओवर की आखिरी गेंद पर शमी ने स्टोक्स को बोल्ड कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। इसके बाद शमी ने 10वें ओवर की पहली गेंद पर बेयरिस्टो को भी बोल्ड कर दिया। इस तरह इंग्लैंड ने 39 रन बनाने तक चार विकेट गंवा दिए। रूट और स्टोक्स ख़ाता भी नहीं खोल सके थे। इसके बाद कुलदीप यादव ने (15.1 ओवर में) अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद पर जॉस बटलर (10) को बोल्ड कर इंग्लैंड को पांचवां झटका दिया। मैच के 24वें ओवर में मोहम्मद शमी ने मोइन अली को विकेट के पीछे कैच करा चलता किया। मोइन ने 31 गेंदों पर 15 रन बनाए। 29वें ओवर की पहली गेंद पर रवींद्र जडेजा ने क्रिस वोक्स को स्टंप्स आउट किया। वोक्स 10 रन ही बना सके। अगले ही ओवर में कुलदीप यादव ने लियम लिविंग्स्टन को एलबीडब्ल्यू आउट कर इंग्लैंड को आठवां झटका दिया। लिविंग्स्टन ने इंग्लैंड की ओर से सर्वाधिक 27 रनों की पारी खेली।

## भारत-इंग्लैण्ड मैच देखने इकाना स्टेडियम पहुंचे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में रविवार को भारत-इंग्लैण्ड के बीच हो रहे विश्व कप मैच को देखने पहुंचे। अखिलेश के स्टेडियम पहुंचने पर मैच देखने आए दर्शकों ने उनका अभिवादन किया। इस दौरान सपा अध्यक्ष ने मैच देखकर पहली पारी खेल रही भारतीय टीम का उत्साह बढ़ाया। स्टेडियम में हो रहे भारत-इंग्लैण्ड के मैच को लेकर सपा अध्यक्ष ने ट्वीट कर लिखा कि ये है सपा की बड़ी सोच का, बड़ा नजारा। सपा ने लखनऊ में सिर्फ ये स्टेडियम ही नहीं बनाया है, बल्कि लखनऊ के लोगों के लिए आय और व्यवसाय बढ़ाने का एक और नया रास्ता खोला है। इससे अप्रत्यक्ष-प्रत्यक्ष रूप से रोजगार के लाखों अवसर पैदा हुए हैं, खेल-पर्यटन को नया बढ़ावा मिला है। होटल भरे हुए हैं, टैक्सी और खानपान के बिज़नेस के साथ-साथ लखनऊ की प्रसिद्ध चिकनकारी के सभी बाजार गुलजार हैं। साथ ही लखनऊ की तहज़ीब से पर्यटक दो-चार हो रहे हैं और इकाना स्टेडियम की खूबसूरती देखकर लोग कह रहे हैं, मुस्कुराइए कि आप इकाना में हैं!

## वाराणसी की पूर्णिमा ने जीता स्वर्ण, खेल प्रेमियों में खुशी

बीएनएम@

लखनऊ। कलाई की चोट के बावजूद वाराणसी की बीटिया ने राष्ट्रीय खेल के दौरान भारोत्तोलन प्रतियोगिता में कमाल कर दिया और 87 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के साथ-साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बना डाला है। वाराणसी की पूर्णिमा पांडेय द्वारा स्वर्ण जीतने पर प्रदेश के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। पांडेय ने रविवार को कम्पाल गेम्स विलेज में कुल 222 किग्रा (स्नैच में 100 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 122 किग्रा) का भारवर्ग उठाकर राष्ट्रीय खेलों में अपना लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश की भारोत्तोलक ने अपने तीसरे प्रयास में स्नैच में 105 किग्रा के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का प्रयास किया, लेकिन वह अपना संतुलन खो बैठी और उनका टखना चोटिल हो गया। पूर्णिमा काफी समय से कलाई की चोट से भी जूझ रही है और उन्हें सर्जरी की जरूरत पड़ेगी। इसके बावजूद उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 129 किग्रा वजन उठाकर एक और रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया। लेकिन यह हो नहीं पाया। उन्होंने खुद को अधिक वजन उठाने के लिए क्यों प्रेरित किया जबकि उन्हें पता था कि वह स्वर्ण पदक जीत लेंगी और इससे उन्हें चोट भी लग सकती है, पांडे ने कहा 'एक खिलाड़ी के रूप में इतने करीब आने के बाद खुद को रोकना काफी मुश्किल है।पिछले एक साल में चोट के कारण पांडे की रैंकिंग में काफी गिरावट देखने को मिली। वह खुद को और अपने प्रतिस्पर्धियों के सामने यह साबित करना चाहती थी कि वह अभी भी राष्ट्रीय सर्किट में बेस्ट हैं। पूर्णिमा ने रविवार को केरल की एन.मारिया को राष्ट्रीय खेलों में लगातार दूसरी बार हराते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। इसके बाद उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने कहा कि अपनी रैंकिंग में गिरावट के बाद मुझे कुछ साबित करने की जरूरत थी और मैंने आज जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे मैं खुश हूं। उनकी इस जीत पर प्रदेश के खेल प्रेमी झूम उठे। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा. आनंदेश्वर पांडेय, उप्र खेल विभाग के निदेशक आर.पी. सिंह ने बधाई दी है। इसके साथ ही यह उम्मीद जताई है कि पूर्णिमा पांडेय एक दिन विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन करेगी।




## सिकंदराबाद और अम्बाला परियोजना सेमीफाइनल में

प्रयागराज। सिकंदराबाद ने चेन्नई को 65 रन और अम्बाला ने बंगलूरु को 82 रन से हराकर अखिल भारतीय रेल विद्युतीकरण अंतर परियोजना क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। डीएसए मैदान पर शनिवार से शुरू हुई प्रतियोगिता के पहले क्वार्टर फाइनल में सिकंदराबाद ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 173 रन (पी. लोकेश 80, मोहम्मद अकबर 35, आर रमन बाबू 3-23) बनाकर चेन्नई को 19.5 ओवर में 108 रन (मुरलीकृष्ण 33, श्याम वीएस 21, पी. लोकेश 4-10, पी प्रवीण 3-20, मोहम्मद अकबर 3-24) पर समेट दिया। दूसरे मैच में अंबाला ने 10 ओवर में 2 विकेट पर 142 रन (जेके मीणा 54, पवन 50, शिव कुमार 2-36) बनाकर बंगलूरु को 10 ओवर में 3 विकेट पर 60 रन (अपूर्व 12, जेके मीणा, पवन, हिमांशु और एचएस सैनी एक-एक विकेट) पर समेट दिया। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) महाप्रबंधक प्रमोद कुमार और विशिष्ट अतिथि रेल विद्युतीकरण महिला संगठन की अध्यक्ष पूनम कुमार ने किया। मुख्य अतिथि ने रेल विद्युतीकरण स्पोर्ट्स मीट की स्मारिका का विमोचन भी किया।

# राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय ने जीता कांस्य पदक

बीएनएम@

कानपुर। झारखंड में आयोजित तीन दिवसीय सीबीएसई की जोनल राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में कानपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय ने कांस्य पदक जीता है। यह जानकारी रविवार को कालेज के प्रधानाचार्य राकेश राम त्रिपाठी ने दी। उन्होंने बताया कि झारखंड के एसडीएसएम स्कूल टाटानगर में सीबीएसई की जोनल राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 27 अक्टूबर को आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रदेशों की टीमों ने भाग लिया। तीरंदाजी प्रतियोगिता में लगभग डेढ़ सौ से अधिक खिलाड़ियों ने अलग-अलग स्पर्धा में हिस्सा लेकर निशाना साधा। इस प्रतियोगिता में कानपुर के खिलाड़ियों ने भी इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन दिखाया। कानपुर से लगभग नौ खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। श्री त्रिपाठी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय, कानपुर की टीम ने अंडर 19 बालक वर्ग इंडियन राउंड में कांस्य पदक पर कब्जा किया। इंडियन राउंड में रामकृष्ण, दीपेंद्र राठौर, विनायक शुक्ला, अमन शुक्ला ने टीम वर्ग में कांस्य पदक पर कब्जा जमाया तो व्यक्तिगत स्पर्धा में इंडियन राउंड में दीपेंद्र राठौर ने चौथा स्थान हासिल किया। श्री त्रिपाठी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन दिखाने पर दीपेंद्र राठौर का चयन सीबीएसई की सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 6 से 10 नवंबर तक देहरादून में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में पदक हासिल करने के लिए दीपेंद्र ने अपना अभ्यास और तेजी से शुरू कर दिया है। कानपुर पहुंचने पर खिलाड़ियों का पंडित दीनदयाल विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश राम त्रिपाठी व विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि छात्र जीवन में जिस तरह से पढ़ाई जरूरी है, उसी तरह से खेल भी बहुत जरूरी है। खेल से ही हमारा सर्वांगीण विकास होता है। इसलिए हर विद्यार्थी को किसी न किसी खेल में प्रतिभा जरूर करना चाहिए। खेल में प्रतिभा करने से हमारे अंदर एकता की भावना जागृत होती है और हमारे दिमाग का संपूर्ण विकास होता है।



BNM Fantasy



# पति राज कुंद्रा के साथ ट्रोल हुईं शिल्पा

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने 90 के दशक में कई लोकप्रिय फिल्मों में काम किया है। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनके पति राज कुंद्रा इस वक्त चर्चा में हैं। अब राज कुंद्रा पर 'यूटी69' फिल्म 03 नवंबर को स्क्रीन पर आएगी। इस फिल्म में राज कुंद्रा मुख्य भूमिका निभाएंगे।। अब हाल ही में कुंद्रा कपल का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में पति राज कुंद्रा के साथ-साथ शिल्पा शेट्टी भी चेहरे पर मास्क लगाए नजर आ रही हैं। शिल्पा ने पति की तरह ब्लैक मास्क पहना था। शिल्पा और राज कुंद्रा का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।


## नवरात्रि पर दीपिका ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया 'सिंघम अगेन' से अपना लुक

रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सिंघम' बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी। इसके बाद इस फिल्म के दूसरे पार्ट 'सिंघम-2' को भी दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। अब इस फिल्म का तीसरा पार्ट 'सिंघम अगेन' दर्शकों के सामने आएगा। इसी बीच इस फिल्म में दीपिका पादुकोण का लुक दर्शकों के सामने आ गया है। फिल्म 'सिंघम अगेन' में दीपिका लेडी सिंघम शक्ति शेट्टी का किरदार निभाएंगी। नवरात्रि के अवसर पर दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'सिंघम अगेन' से अपने लुक की तस्वीर शेयर की है। फोटो में दीपिका पुलिस की वर्दी में नजर आ रही हैं। दीपिका के हाथ में बंदूक नजर आ रही है। वह अपने दूसरे हाथ में गुंडे का सिर पकड़े नजर आ रही हैं। दीपिका गुंडों से घिरी नजर आ रही है। इस फोटो को शेयर करते हुए दीपिका ने लिखा, 'शक्ति शेट्टी से मिलिए'। कुछ दिनों पहले 'सिंघम अगेन' की शूटिंग शुरू होने पर इस मौके की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। रोहित के साथ अजय देवगन और रणवीर सिंह भी सिंबा के लुक में मौजूद थे। फिल्म में अजय और रणवीर के साथ अक्षय कुमार भी अहम भूमिका निभाएंगे। 'सिंघम अगेन' 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसी दिन अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा-2' भी रिलीज होगी। इसलिए बॉक्स ऑफिस पर नॉर्थ और साउथ के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिलने की संभावना है। दीपिका के काम की बात करें, तो कुछ दिनों पहले उनकी फिल्म 'जवान' रिलीज हुई थी।



# एक्शन थ्रिलर में लीड रोल में नज़र आएगी पूजा हेगड़े

### रोशन एंड्रयूज करेंगे डायरेक्ट



पूजा हेगड़े, जिन्हें आखिरी बार बॉलीवुड में सलमान खान के साथ किसी का भाई किसी की जान में देखा गया था, एक और दिलचस्प मनोरंजन के लिए तैयार हैं। अभिनेत्री, जो अपने साउथ और बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स के बीच जूझ रही हैं, उम्मीद है कि उन्होंने शाहिद कपूर के साथ एक थ्रिलर फिल्म साइन की है। यह घोषणा अभिनेत्री के जन्मदिन के अवसर पर प्रोडक्शन हाउस ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा की गई थी। रोशन एंड्रयूज के निर्देशन में बनने वाली इस एक्शन थ्रिलर को ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित किया जाने वाला है। ज़ी स्टूडियो के सीईओ शारिक पटेल और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने कहा, "पूजा हेगड़े को बोर्ड पर लाना हमारे लिए एक आसान निर्णय था क्योंकि वह बेहद वर्सटाइल और होनहार हैं । जिन भी अभिनेताओं के साथ उनकी जोड़ी बनी है, उनके साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री व्यापक रूप से पहचानी जाती है, और हमें यकीन है कि दर्शकों को इस फिल्म में उनका दूसरा पक्ष देखने को मिलेगा। हम पूजा को बोर्ड पर पाकर बहुत खुश हैं ।" अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने कलाकारों में शामिल होने के बारे में अपना उत्साह साझा किया और कहा, "यह एक रोमांचक लेकिन अलग कहानी वाली एक बहुत ही खास फिल्म है। रोशन एंड्रयूज बड़े पर्दे पर जादू बुनने के लिए जाने जाते हैं, और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।" ताकि दर्शक मुझे ऐसी अनोखे और अलग भूमिका में देख सकें। मैं शाहिद कपूर के साथ काम करने के लिए भी उत्सुक हूं; वह एक शानदार कलाकार हैं और मुझे उम्मीद है कि हमारा सहयोग यादगार रहेगा।"पूजा हेगड़े को हाउसफुल 3, अला वैकुंठपुरमुलू और बीस्ट जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में उनके अभिनय के लिए जानी जाती है । यह फिल्म 2024 में रिलीज होने वाली है।